राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर,जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line 15100/9928900900)

Email: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in website: www.rlsa.gov.in

क्रमांक :–एफ–7(76)रालसा / संस्था–पी.एल.ए.गठन / 2022 / 387 दिनांकः 11-07-2022

कार्यालय आदेश

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22–बी के अधीन जिला न्यायक्षेत्र मुख्यालय, श्रीगंगानगर पर स्थापित स्थायी लोक अदालत के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद पर नियुक्त श्री नरेश चुघ (सेवानिवृत जिला न्यायाधीश) का त्याग पत्र दिनांक 15.07.2022 को मंजूर होने के फलस्वरूप रिक्त होने वाले स्थायी लोक अदालत, श्रीगंगानगर के अध्यक्ष पद पर माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नवीन पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक जिला एवं सेशन न्यायाधीश, श्रीगंगानगर को स्थायी लोक अदालत, श्रीगंगानगर के अध्यक्ष के पद का अतिरिक्त कार्य (As a Part time Chairperson) करने हेतु अधिकृत किया जाता हैं।

अतः श्री नरेश चुघ, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, श्रीगंगानगर को निर्देशित किया जाता है कि अपना कार्यभार जिला एवं सेशन न्यायाधीश, श्रीगंगानगर को संभलाकर भारमुक्त हों। जिला एवं सेशन न्यायाधीश, श्रीगंगानगर को स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष का कार्य करने पर नियमानुसार मानदेय देय होगा।

इस कार्यालय के पत्रांक 4520–4554 दिनांक 10.05.2012 में वर्णित दिशा–निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए स्थायी लोक अदालत की बैठक सामान्यतः प्रतिमाह दो सुनिश्चित की जावें, किन्तु प्रकरणों की संख्या के आधार पर अधिकतम सप्ताह में एक बार स्थायी लोक अदालत की बैठक आयोजित की जा सकती है।

आज्ञा से,

(दिनेश कुमार गुप्ता)
सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर

क्रमांक :–एफ–7(76 / 3)रालसा / संस्था / PLA Chairman / 2022 / 16754-772 दिनांकः– 11-07-2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण।
2. रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
3. सदस्य सचिव, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली।
4. प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. निजी सचिव, सदस्य सचिव, रालसा, जयपुर।
6. जिला एवं सेशन न्यायाधीश, श्रीगंगानगर।
7. अध्यक्ष / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर।
8. श्री नरेश चुघ, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, श्रीगंगानगर।
9. सदस्य, स्थायी लोक अदालत, श्रीगंगानगर।
10. निदेशक / विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव–प्रथम / द्वितीय, रालसा, जयपुर।
11. संबंधित कोषाधिकारी, कोष कार्यालय।
12. नोडल ऑफिसर, विभागीय वेबसाईट, रालसा, जयपुर।
13. आदेश / संबंधित / रक्षित पत्रावली।

11/07/2022

निदेशक
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर

D:\Sawariya\d drive\Sanwriya\Permanent Lok Adalat\PLA Order.docx